# निर्जला एकादशी पर दान पुण्य, खाटूश्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

बीकानेर,(कासं)। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर जयपुर रोड स्थित खाटूश्याम बाबा मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें बाबा के दर्शन के लिए लगनी शुरू हो गई। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर बाबा के जयकारों तथा भजनों की मधुर स्वर लहरियों से भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा के दरबार में सज मत श्याम नजर लग जायेगी.., बरसाने की गुजरी तेरे पर मर जायेगी.. जैसे मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा दरबार भक्ति रस में डूब गया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये और बाबा की भक्ति में लीन होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। निर्जला एकादशी को वर्षभर में आने वाली 24 एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन उपवास रखने और भगवान की आराधना करने से सभी 24 एकादशियों के व्रत का पुण्य फल प्राप्त होता है। इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत रखा और बाबा के चरणों में पूजा सामग्री, मटकी, पंखा तथा अन्य धार्मिक वस्तुएं अर्पित की।

मंदिर को इस विशेष अवसर पर कमल के फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। बाबा का विशेष श्रृंगार चेतन शर्मा और किशन जोशी द्वारा कमल पुष्पों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया तथा साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई। गर्मी से राहत देने के लिए लगभग 20 क्विंटल से अधिक दूध से तैयार पाइनेपल, बनाना और गुलाब फ्लेवर के शेक श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए। साथ ही मंदिर परिसर में छबील की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिसमें कुलदीप चौधरी का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा मंदिर में आये प्रसाद स्वरूप फलों का भी श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं सेवादार सुबह से ही सेवा कार्यों में जुटे रहे और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को संभालते नजर आए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के.के. शर्मा ने बताया कि निर्जला एकादशी का पर्व हर वर्ष अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उन्होंने सभी भक्तों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर परिवार सदैव श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तत्पर रहेगा।

■ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत रखा और बाबा के चरणों में पूजा सामग्री, मटकी, पंखा तथा अन्य वस्तुएं चढ़ाई

निर्जला एकादशी पर जस्सूसर गेट के अंदर रामा भवन के पास नरसिंह सेवा समिति द्वारा आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडी सवा क्विंटल केसरयुक्त लस्सी पिलाई गई। समिति के अध्यक्ष धनराज तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष बृजरतन तिवाड़ी ने बताया कि समिति का यह सेवा कार्य 27 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। पहले समिति नींबू शिकंजी की सेवा चलाती थी। नोखा में निर्जला एकादशी पर नोखा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को दिनभर दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान किया। इस दौरान नोखा और गुवाहाटी में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सेवा कार्य किए। इन कार्यक्रमों में मरीजों, राहगीरों और निराश्रित गौवंश की सेवा की गई।

नोखा में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने राजकीय बागड़ी अस्पताल के बाहर गन्ने के जूस का वितरण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और राहगीरों को ठंडा जूस पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई। इस सेवा कार्य में सम्मेलन की अध्यक्षा सुषमा बजाज, सह सचिव मीनू शर्मा, उपाध्यक्ष प्रिया राठी, कोषाध्यक्ष मैना तापड़िया, संतोष भांभू, मधु चौधरी, कुसुम राठी, पुष्पा लाहोटी, सरिता तापड़िया, सरोज करनानी, सरोज बजाज और दिव्या सोनी ने सहयोग किया। तिरूपति नगर में तिरूपति संगठन ने मीनू शर्मा के नेतृत्व में निर्जला एकादशी पर जूस वितरण किया।

लूणकरनसर में कालू रोड स्थित ब्रह्माणी माता मंदिर में निर्जला एकादशी के अवसर पर श्याम प्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई।

मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि श्याम प्रभु को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। फूलों और मालाओं के साथ इत्र की सुगंध से पूरा मंदिर परिसर महक उठा। यह श्याम दरबार श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना। निर्जला एकादशी के दिन सुबह से चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों के तहत आज शाम को बाबा की ज्योत प्रज्वलित की जायेगी। इसके बाद एक भजन संध्या का आयोजन होगा।

देशनोक में चौपानियों का मोहल्ला स्थित चतुर्भुज भगवान मंदिर में गुरुवार को निर्जला एकादशी पर सामूहिक भजन-कीर्तन हुए। इनमें राम नाम जप, गीता पाठ और भजन-कीर्तन शामिल हैं। लोगों ने एक साथ राम नाम जप किया। इसके बाद गीता पाठ का आयोजन किया जायेगा। और शाम तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा। कीर्तन मंडली द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

## नोखा में सूने मकान से लाखों के जेवर चोरी

नोखा, (कासं)। नोखा थाना क्षेत्र की कानपुरा बस्ती में एक बंद मकान से लाखों रूपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। चोरों ने मकान के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित इंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया वे पारिवारिक कार्य से अपने किराये के मकान को बंद कर बाहर गए हुए थे। लौटने पर उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे के ताले और कुंडी टूटी हुई पाई। घर के अंदर कमरों का सामान बिखरा हुआ था और अलमारी के लॉक भी टूटे हुए थे। चोर लगभग 4 किलोग्राम चांदी के आभूषण और सोने के जेवरात ले गए।

चोरी हुए सामान में बेटी के हाथों और पैरों के कड़े, कानों के टॉप्स, झुमके, दो जोड़ी पायल, दो चांदी के कमर कंदोरे, चार जोड़ी बिछिया, चांदी के सिक्के और माथे की रखड़ी जैसे कीमती आभूषण शामिल हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नोखा पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना भी शुरू कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि चोरों ने वारदात से पहले घर की रैकी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

## सार-समाचार

### मेडिकल इंटर्न डॉक्टर्स की नई राज्य कार्यकारिणी गठित

बीकानेर, (कासं)। ऑल राजस्थान इंटर्न डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सत्र 2026-27 के लिए अपनी नई राज्य कार्यकारिणी समिति के गठन की घोषणा की है। संगठन राजस्थान के मेडिकल इंटर्न्स के अधिकारों, सम्मान एवं कल्याण की रक्षा के उद्देश्य से राज्य कार्यकारिणी का तत्काल प्रभाव से गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में बीकानेर एसपी मेडिकल कॉलेज के डॉ. विकास सहारण को प्रदेश अध्यक्ष, एसएमएस जयपुर के डॉ. विकास कटारिया को उपाध्यक्ष, जोधपुर से डॉ. प्रवीण बिश्नोई को राज्य समन्वयक तथा अजमेर के डॉ. रोहित चंदवानी को महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मेडिकल कॉलेजों एवं संस्थानों से जुड़े प्रतिनिधियों को भी संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अरिदा ने स्पष्ट किया कि आगामी कार्यकाल में संगठन का मुख्य फोकस मेडिकल इंटर्न्स से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर रहेगा। इनमें इंटर्नशिप स्टाइपेंड में वृद्धि, ड्यूटी घंटों का विनियमन, मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा तिथियों का समन्वय, अनुचित शुल्क संबंधी समस्याओं का समाधान तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रमुख हैं। संगठन का कहना है कि बढ़ती महंगाई और इंटर्न्स के पेशेवर योगदान को देखते हुए स्टाइपेंड में उचित बढ़ोतरी की मांग की जायेगी। साथ ही अत्यधिक कार्यभार और लम्बे ड्यूटी घंटों को नियंत्रित करने के लिए मानकीकृत कार्य व्यवस्था लागू कराने के प्रयास किए जायेंगे। अरिदा ने राज्यभर के मेडिकल इंटर्न्स से संगठन के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का आव्हान किया है। संगठन ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी इंटर्न्स के हितों की प्रभावी पैरवी करेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सशक्त मंच प्रदान करेगी।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को शिकंजी, लस्सी, कुल्फी वितरित

बीकानेर, (कासं)। निर्जला एकादशी गुरुवार को श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। नगर के प्रमुख वैष्णव मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। लक्ष्मीनाथजी मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगी रही। बाजारों में शीतल पेय की स्टॉले लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी, शिकंजी, लस्सी, आमरस, कुल्फी का वितरण एवं शरबत की सेवा की गई। लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर के पास, जोशीवाड़ा, दाउजी रोड, जस्सूसर गेट, विश्वकर्मा गेट, नत्थूसर गेट, सेटेलाइट अस्पताल रोड, मोहता चौक, फड़बाजार, केईएम रोड,गंगाशहर, बंगलानगर आदि स्थानों पर दिन भर राहगीरों को रोक कर शीतल पेय पिलाया। कहीं शरबत तो कहीं ठंडे पानी का दौर पूरे दिन चलता रहा। निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर छोटी काशी बीकानेर में शीतल जल समेत अनेक प्रकार की श्रद्धालु भक्तजनों के लिए सैकड़ों स्थान पर अपनी अपनी श्रद्धा भक्ति अनुसार सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन लगातार पिछले 10 से 15 वर्षों से बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में ताजा ठंडा तरबूज की सेवा श्रमिक वर्ग एवं नेशनल हाईवे पर निकलने वाले आमजन के लिए सेवा दे रहा है।

# सड़क के नीचे 12 फीट गहरा नाला, गाद नहीं निकलने से होगा जलभराव

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम और प्रशासनिक अदूरदर्शिता का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि शहर को जलभराव से बचाने के लिए बना मुख्य नाला ही अब आधे शहर को डुबोने का सबसे बड़ी राह बन गया है।

मानसून सिर पर है लेकिन बीकानेर की 50 फीसदी से अधिक आबादी और क्षेत्रफल को प्रभावित करने वाला मुख्य नाला अंदर से पूरी तरह चॉक है। हादसों से बचाने के नाम पर निगम प्रशासन ने साढ़े तीन किलोमीटर लम्बे इस नाले के 3 किलोमीटर हिस्से को ऊपर से पाट दिया। नतीजा यह हुआ कि ऊपर तो 60 से 80 फीट चौड़ी चमचमाती सड़क तो बन गई लेकिन नीचे 11 से 12 फीट गहरी गाद (सिल्ट) जमा हो गया है। जिसे साफ करने की तकनीक फिलहाल निगम के पास नहीं है। नाले को पाटते समय में तर्क दिया गया था कि खुले नाले में लोग और पशु गिर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।

लेकिन तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि हादसों को रोकने के लिए नाले को पूरा पाटना जरूरी नहीं था।

■ बीकानेर की 50 फीसदी से अधिक आबादी और क्षेत्रफल को प्रभावित करने वाला मुख्य नाला अंदर से पूरी तरह गाद से चॉक है

इसके लिए नाले के किनारों पर मजबूत दीवार (रिटेनिंग वॉल) या फेंसिंग बनाई जा सकती थी, जिससे नाला सुरक्षित भी रहता और उसकी सफाई भी आसानी से होती रहती। सिर्फ पाटना ही समाधान नहीं, खामी उस इंजीनियरिंग की भी है जब ये नाले पाटे थे। पाटे हुए नाले की सफाई के लिए जो मैनहॉल छोड़े गए, उनकी एक दूसरे से दूरी 100 मीटर से भी ज्यादा है। ऐसे नालों में 40 से 50 मीटर की दूरी पर चैम्बर होने चाहिए ताकि क्रेन या अन्य मशीनों से गाद निकाली जा सके। इतनी अधिक दूरी होने के कारण सफाईकर्मी भी अंदर जाने से कतराते हैं। यह पुरानी गिन्नाणी के वॉलीबॉल ग्राउंड के पास की सड़क पर गंदगी और नाले के कारण पहले कोई आना-जाना पसंद नहीं करता था।

निगम ने वाहवाही लूटने के लिए इस नाले को ऊपर से पाट दिया। नाला पाटते ही यह करीब 80 फीट चौड़ी सड़क बन गई। लोगों को लगा कि रास्ता सुगम हो गया लेकिन हकीकत इसके उलट है। इस पटान के नीचे वर्तमान में 11 फीट गहरी सिल्ट जमी हुई है। नाले का मुंह बंद होने के कारण अब पुरानी गिन्नाणी का पानी इस नाले तक पहुंच ही नहीं पा रहा है। सर्किट हाउस के पास पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका और युधिष्ठिर सिंह भाटी का निवास स्थान है। सामने शानदार और चौड़ी सड़क है, लेकिन यह सड़क नहीं बल्कि नाले के ऊपर किया गया पक्का निर्माण है। यहां करीब 60 फीट चौड़ी सड़क तो बन गई मगर लोगों को यह नहीं पता कि इसके नीचे करीब 12 फीट तक कीचड़ जमा हो चुका है। इसमें एमएन की ओर से आ रहा एक अन्य बड़ा नाला भी मिल जाता है। आगे 3 किमी तक कीचड़ भरने से नाला बंद हो चुका है।

## आंधी-तूफान और बारिश का कहर, पेड़ उखड़े

अरजनसर, (कासं)। अरजनसर क्षेत्र में बुधवार शाम आये तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। मिठड़िया और आसपास के गांवों में कई खेजड़ी व बबूल के पेड़ गिर गए। जबकि कुछ स्थानों पर बिजली पोलों को भी क्षति पहुंची।

नारायण सिंह राठौड़ ने बताया कि शाम को अचानक मौसम बदला और तेज धूलभरी आंधी के साथ तूफानी हवाएं चलने लगी। कई बड़े खेजड़ी के पेड़ जड़ से उखड़ गए। तेज हवाओं के कारण गांव में कुछ देर के लिए स्थिति अस्त-व्यस्त हो गई। इस दौरान आसमान में बिजली कड़कने के साथ क्षेत्र में अच्छी बारिश भी दर्ज की गई। आंधी और बारिश से खेतों में लगे पेड़ों को सर्वाधिक नुकसान पहुंचा है।

हालांकि राहत की बात यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी प्रकार की जनहानि या बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली। ग्रामीणों के अनुसार तेज तूफान के कारण कई स्थानों पर आवागमन भी बाधित हुआ। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली।

# होटल कारोबारी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। जयपुर रोड स्थित एक होटल में घुसकर होटल कारोबारी और कर्मचारियों के साथ मारपीट तथा जानलेवा हमले के मामले में चार साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपए का इनाम घोषित था।

पुलिस के अनुसार 5 मई 2022 को होटल व्यवसायी सुभाष लेघा ने जेएनवीसी थाने में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि कुछ लोगों ने होटल में घुसकर होटल संचालक और कर्मचारियों पर हमला किया और होटल में तोड़फोड़ की। घटना में कई लोगों को चोटें आई थी। मामले में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एक आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से 5 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जेएनवीसी थाना और डीएसटी टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर से मिली सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी सुरेन्द्रपाल पुत्र गोकुलराम बिश्नोई निवासी सांवतसर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से अलग-अलग मामलों में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी की कार्रवाई जेएनवीसी थानाधिकारी के नेतृत्व में डीएसटी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की। पुलिस अधिकारियों ने इसे लम्बे समय से लंबित मामले में महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

■ चार साल बाद पुलिस ने फरार आरोपी को पकड़ा, 5 हजार रूपए का इनाम था

■ होटल में घुसकर पर हमला किया जिसमें कई लोगों को चोटें आई थी

## पीबीएम में 15 पंखे भेंट किए

बीकानेर, (कासं)। मारवाड़ जन सेवा समिति की प्रेरणा से पीबीएम अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए गुरुवार को भामाशाहों ने 15 पंखे भेंट किए।

समिति के अध्यक्ष रमेश व्यास ने बताया कि करमीसर के पप्पू महाराज किराडू, धामू महाराज और बासी बारहसिंहसर के गणेशाराम सियाग ने पांच-पांच पंखे दिए। इस दौरान ट्रोमा सेंटर के सीएमओ डॉ. एल. के. कपिल, विनोद डारा, जेठाराम सियाग, शैलेन्द्र सिंह ढींगसरी और विक्रम सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे। डॉ. कपिल ने इसे जनसेवा के उद्देश्य से किया गया अनुकरणीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में यह पंखे, मरीजों के लिए उपयोगी साबित होंगे।


उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना का शुद्धिपत्र
मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 10.07.2026 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **निविदा संख्या:** 06-2026-GSU-BKN, **कार्य का नाम व स्थान:** लालगढ़ (फैज़-II) में कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं को बढ़ाने के काम के तहत सिविल कार्य, **पूर्व में अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 948267738.01, **संशोधित अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 947701670.91, **पूर्व में बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये):** Rs. 18965400.00, **संशोधित बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये):** Rs. 18954000.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** बोली शुरू होने की तारीख 26.06.2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 10.07.2026 को 15:00 बजे तक । नोटः- अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
उप मुख्य इंजीनियर / गति शक्ति, बीकानेर
922-PS/26


# प्रेम विवाह की रंजिश, युवक पर जानलेवा हमला

नोखा, (कासं)। प्रेम विवाह के विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। रासीसर तालरिया बास निवासी बबलू गोदारा ने नोखा थाने में मनीष डेलू, भगवानराम पूनिया और पांच-छह अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह घटना 23 जून 2026 को दोपहर 4:15 बजे हुई।

बबलू गोदारा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने ताऊ के लड़के नंदकिशोर गोदारा के साथ सीओ ऑफिस से करीब 500 मीटर दूर राणारा तालाब से सीओ ऑफिस की ओर अपनी कैम्पर गाड़ी में आ रहे थे। तभी सामने से मनीष डेलू, भगवानराम और अन्य पांच-छह लोग अपनी कैम्पर गाड़ी में आये और उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद आरोपियों ने गाड़ी से उतरकर धारदार हथियारों से हमला किया। उन्होंने बबलू की गाड़ी के शीशे और टायर फोड़ दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों का इरादा उन्हें जान से मारने का था। उन्होंने ताबड़तोड़ हमला कर गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचाया। बबलू गोदारा और नंदकिशोर गोदारा किसी तरह अपनी जान बचाकर, फटे हुए टायर के साथ गाड़ी लेकर सीओ ऑफिस की ओर भागे और ऑफिस में घुस गए। आरोपी भी उनके पीछे आये और जान से मारने की धमकी दी। सीओ ऑफिस के स्टाफ को देखकर आरोपी बीकानेर की तरफ भाग गए।

■ धारदार हथियारों से हमला, सीओ ऑफिस में घुस जान बचाई

# मनरेगा श्रमिकों ने नियमित काम और भुगतान की मांग उठाई

हनुमानगढ़, (कासं)। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने मनरेगा श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को जिला परिषद सीईओ को ज्ञापन सौंपा।

यूनियन ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में नियमित मनरेगा कार्य और श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। यूनियन सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिले की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य पूरी तरह बंद है। जबकि जहां कार्य चल भी रहे हैं। वहां मजदूरों की संख्या सीमित कर दी गई है। इससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। माकपा नेता रघुवीर वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, भूमिहीन और बुजुर्ग मजदूरों की आजीविका का मुख्य आधार है। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता के कारण श्रमिकों को नियमित रोजगार न मिलने का आरोप लगाया। यूनियन ने यह भी बताया कि ऑनलाइन हाजरी व्यवस्था में तकनीकी दिक्कतों के कारण कई मजदूरों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें मजदूरी से वंचित होना पड़ रहा है।

■ समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सीईओ को ज्ञापन सौंपा

जिला संयोजक प्रहलाद बहलोल नगर ने मांग की है कि श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का पूरा भुगतान मिले। उन्होंने मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर प्रतिदिन 600 रूपए करने और किसी भी प्रकार की कटौती पर रोक लगाने की बात कही। साथ ही मेटों के बकाया भुगतान का शीघ्र निस्तारण करने की भी मांग उठाई गई।

संगठन ने कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि भीषण गर्मी के बावजूद अधिकांश मनरेगा साइटों पर पीने का पानी, छाया, प्राथमिक उपचार किट और महिला मजदूरों के बच्चों के लिए पालना घर जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। यूनियन ने इन्हें तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की। यूनियन ने जुलाई माह से प्रत्येक मनरेगा परिवार को लगातार पांच पखवाड़े का काम देने की मांग की।

## बज्जू में मुंसिफ कोर्ट की सौगात

बीकानेर, (कासं)। राज्य सरकार ने भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बीकानेर के बज्जू में मुंसिफ कोर्ट शुरू कर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को राहत तो दी है, लेकिन बीकानेर संभाग मुख्यालय के साथ हो रहे दशकों पुराने न्यायिक सौतेलेपन को फिर हवा दी है।

आजादी के 78 साल बाद बज्जू को पहला न्यायिक संस्थान मिला है। राज्यपाल की अनुमति से प्रमुख शासन सचिव राघवेन्द्र काछवाल ने बीकानेर जिले की बज्जू तहसील में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने के आदेश जारी किए हैं। बज्जू क्षेत्र के ग्रामीणों और बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों को 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

इससे साथ ही जमीनी हकीकत यह है कि जब तक बड़े मुकदमों के लिए बीकानेर को हाईकोर्ट बैंच के रूप में उसका हक नहीं मिलता, तब तक 'न्याय आपके द्वार' का नारा सिर्फ कागजी है।

# आपातकाल की सच्चाई नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी : लखावत

बीकानेर, (कासं)। भाजपा संभाग कार्यालय बीकानेर में 'आपातकाल : संविधान की हत्या' विषयक कार्यक्रम भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) का सम्मान किया गया तथा आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया गया। मुख्य वक्ता राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं संवर्धन प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को लेकर उठे विवाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे भ्रष्टाचार विरोधी जनआंदोलन से घबराकर आपातकाल लागू किया गया था। इस दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, न्यायालय जाने के अधिकार तक सीमित कर दिए गए तथा विपक्षी नेताओं और हजारों लोकतंत्र सेनानियों को मीसा के तहत जेलों में डाल दिया गया।

■ लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) का सम्मान किया गया तथा आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी सहित अनेक विपक्षी नेताओं को भी जेल में बंद किया गया। लखावत ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल की सच्चाई नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बीकानेर की धरती से कहना चाहते हैं कि कांग्रेस आपातकाल जैसे लोकतंत्र-विरोधी कृत्य के लिए इतिहास के सामने कभी मुक्त नहीं हो सकती।

विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि आपातकाल का इतिहास केवल एक घटना नहीं बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का सबसे बड़ा सबक है। प्रत्येक कार्यकर्ता और युवा पीढ़ी को उस दौर की वास्तविकता से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक मूल्यों पर किसी भी प्रकार का आघात न हो। डूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का त्याग और संघर्ष हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमें सदैव सजग, संगठित एवं समर्पित रहना होगा। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में मंच पर बैठे मूलचंद सोलंकी, ब्रह्मानंद गहलोत, वीरेंद्र सिंह यादव, आशुतोष रावल, श्रीदत्त दवे, सोहन सिंह सोढ़ा, नारायण सिंह यादव, दाऊलाल गहलोत, ललित प्रसाद रंगा, अशोक कुमार व्यास, नर्बदाशंकर आचार्य सहित मीसा बंदियों ने भी आपातकाल के दौरान के अपने अनुभव साझा करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं संयोजक अशोक प्रजापत ने किया।


